


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के यूपी चैप्टर की ओर से आयोजित यूपी मेडिकल टूरिज्म एवं फार्मा एक्सपो के कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी। -संवाद

# प्रदेश में बनेंगे सात और एक्सप्रेसवे

## औद्योगिक विकास मंत्री ने साझा की जानकारी, कहा- बनेगा रिकॉर्ड

लखनऊ। देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला यूपी जल्द इतिहास रचेगा। प्रदेश में पांच एक्सप्रेसवे बनने के बाद राज्य सरकार सात और एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी कर रही है। ये नए एक्सप्रेसवे पूरे प्रदेश के एक-एक जिले को सीधे कनेक्ट ही नहीं करेंगे, बल्कि पड़ोसी राज्यों से संपर्क के मामले में भी बेहतर हो जाएंगे। ये जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में नंदी ने कहा कि देशभर के कुल एक्सप्रेसवे का 50 फीसदी हिस्सा अकेले यूपी में होने का लक्ष्य है। प्रस्तावित छह नए एक्सप्रेसवे इस लक्ष्य को पूरा कर देंगे। अभी प्रदेश में आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक और गंगा एक्सप्रेसवे हैं। इनमें गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। ब्यूरो

## प्रस्तावित एक्सप्रेसवे

प्रयागराज-वाराणसी एक्सप्रेसवे (110 किलोमीटर), मेरठ से हरिद्वार एक्सप्रेसवे (110 किलोमीटर), शाहजहांपुर-बरेली होते हुए रामपुर, रूद्रपुर उत्तराखंड सीमा तक एक्सप्रेसवे, चित्रकूट से प्रयागराज एक्सप्रेसवे, झांसी लिंक एनएच-27 से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, चित्रकूट से मिर्जापुर तक विंध्य एक्सप्रेसवे और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (63 किलोमीटर) का निर्माण प्रस्तावित है।